गोपनीय/बैठक

योगेश चन्द्र
विशेष सचिव

50/अर्द्ध0शा0प0सं0-22(21)2013टी0सी0-1/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 26 मई, 2014

प्रिय महोदय,

सिंचाई विभाग के अंतर्गत मुख्य अभियन्ता (सिविल) स्तर-2 के पदों पर चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 18.12.2013 को सम्पन्न विभागीय चयन समिति की बैठक में, चयन वर्ष 2013-2014 हेतु प्रयुक्त पात्रता सूची के क्रमांक-42 पर अवस्थित श्री मो0 इसराइल के संबंध में की गयी संस्तुति, जो मुहरबन्द लिफाफे में रखी है, के अनावरण एवं पुनर्विचारण हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 19.05.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

2- चयन समिति द्वारा श्री मो0 इसराइल को चयन वर्ष 2013-2014 में तात्कालिक प्रभाव से मुख्य अभियन्ता (सिविल) स्तर-2 के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

3- चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर मा0 मुख्य मंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

4- अतः मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्यक्त संस्तुति के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री सुरेश चन्द्रा,
प्रमुख सचिव-II,
सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन ।

http://shasanadesh.up.nic.in